# परमात्मा का कोई मनुष्य रूप तय नहीं : रीना दीदी

## ब्रह्माकुमारीज संस्थान ने मनाया महाशिवरात्रि महोत्सव

**बेगमगंज, 12 फरवरी. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बेगमगंज, सेवा केंद्र द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया.**




कार्यक्रम में संबोधन देते हुए ब्रह्माकुमारीज, सेवाकेंद्र प्रभारी बी.के. डॉ. रीना दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि के साथ जुड़े हुए आध्यात्मिक महत्व को समझने का यह सबसे अच्छा अवसर है. शिव-लिंग परमात्मा शिव के ज्योति रूप को दर्शाता है. परमात्मा का कोई मनुष्य रूप नहीं है और ना ही उनके पास कोई शारीरिक आकार है. भगवान शिव एक सूक्ष्म, पवित्र व स्वदीप्तिमान दिव्य ज्योति पुंज हैं. इसीलिए उन्हें ज्योर्तिलिंग के रूप में दिखाया गया है, अर्थात 'ज्योति का प्रतीक'. वो सत्य है, कल्याणकारी हैं और सबसे सुंदर परमआत्मा है, तभी उन्हें सत्यम शिवम सुंदरम कहा जाता है. वो सत-चित-आनंद स्वरूप भी है.

महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर शिव ध्वजारोहण भी किया गया. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, वरिष्ठ समाजसेवी संतोष कंडिया, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय जाट , गुलाब रजक पार्षद, एलबीएस स्कूल संचालक राजेश भार्गव , पूर्व हिंदू उत्सव समिति संजय सोलंकी , पूर्व हिंदू उत्सव समिति उपेंद्र सिंह ठाकुर , विनोद गुप्ता , सुरेश नाहर , बीके मेघा दीदी, बीके श्री दीदी उपस्थित थी.

# संघ की बातों का अनुसरण करने पर जोर

▸ उदयपुरा में प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन




**उदयपुरा, 12 फरवरी. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 साल पूरे होने पर उदयपुरा में प्रमुखजन गोष्ठी आयोजित की गई. गोष्ठी में पांच परिवर्तन से समाज परिवर्तन और इसमें प्रमुखजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया. कार्यक्रम में अमन जी जैन, कमल किशोर जी राठी उपस्थित रहे.**

इस विषय पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मध्य भारत प्रांत के घोष प्रमुख नितिन गरगे ने संघ स्थापना से पूर्व देश की स्थिति, उन्नत देश की स्थिति तथा अवनति के कर्म पर प्रकाश डाला. संघ स्थापना के पूर्व प्रमुखजनों के विचार तथा उसके पश्चात संघ स्थापना पर डॉ. हेडगेवार द्वारा किए गए सभी कार्यों का उल्लेख किया गया. उन्होंने कहा कि समाज में एकता समरसता संगठन का भाव लेकर संघ कार्य कर रहा है. उन्होंने देश के वर्तमान स्थिति में संघ की बातों का अनुसरण करने पर जोर दिया. आज देश में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन को देखकर समाज भी एकजुट होकर देश को आगे बढ़ाने के लिए काम करने के लिए तैयार दिख रहा है. यह वास्तव में विगत 100 वर्षों में संघ द्वारा किए गए कार्यों का परिणाम है. समाज की संपूर्ण सज्जन शक्ति का उपयोग राष्ट्रीय निर्माण में लगाने के लिए पांच परिवर्तन के माध्यम से उपयोग करने का विचार किया. समाज परिवर्तन से आशय लोगों को परिवर्तन करने से नहीं अपितु उनके विचार और सोच को बदलने से है. प्राचीन भारत में पांच परिवर्तन के विषय व्यावहारिक दृष्टि से किस प्रकार आचरण में शामिल थे उसके उदाहरण अनेकों हैं, जैसे पेड़ों का पूजन, जल संरक्षण हेतु दीपदान, अपने घरों के व्यंजनों को दूसरों के बीच में आदान-प्रदान करना आदि.

# शिविर में 500 मरीजों की जांच, नि :शुल्क दवाएं दीं

▸ 15 गांवों के मरीजों को मिला स्वास्थ्य लाभ



**सलामतपुर, 12 फरवरी. जेके अस्पताल एवं एलएन मेडिकल कॉलेज भोपाल के सौजन्य से गुरुवार को सलामतपुर के राजीवनगर आदिवासी बाहुल्य बस्ती में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। भोपाल से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ जीसी गौतम के मार्गदर्शन में डॉ. तृष्णा, डॉ. वरुण खरे, डॉ. प्रीतिमा पी नायर, डॉ. प्रियांश जेशवानी, डॉ. मेघा चंद्रवंशी, डॉ. नकुल चौधरी ने लगभग पांच सौ मरीजों की नि:शुल्क जांचकर उपचार किया.**

शिविर में 15 गांवों के मरीजों ने चेकअप कराया. हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जीसी गौतम ने बताया कि शिविर में हृदय रोग, स्त्री रोग, हड्डी रोग, चर्म रोग, दांतों की जांच, शिशुरोग, नाक, कान, गला, आंखों की जांच, बीपी, शुगर की जांचें निशुल्क की गई और नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गई हैं. और जिन मरीजों के हृदय सहित अन्य बीमारियों में ज़्यादा समस्या थी उन सभी मरीजों को इलाज हेतु भोपाल जेके अस्पताल ले जाया गया है.

जहां पर सभी मरीजों की जांचें भी नि:शुल्क की जाएंगी. शिविर में विंग कमांडर अनुमा आचार्य, बबलू पठान सलामतपुर, नीरज जैन, हमजा जाफरी, भानू मालवीय, तनवीर मीणा, लखन यादव, पप्पू शाक्य, अभिषेक यादव सहित अन्य लोगों ने सहयोग प्रदान किया. गौरतलब है कि हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ जीसी गौतम द्वारा सलामतपुर, सांची, दीवानगंज सहित आसपास क्षेत्रों में समय समय पर नि:शुल्क शिविर लगाकर हृदय सहित अन्य मरीज़ों का उपचार किया जाता है.

# सीएमएचओ ने बाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**रायसेन, 12 फरवरी.** जिले में नागरिकों को शासकीय अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं तथा उपचार मिले, इसके लिए कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने सीएमएचओ डॉ. एचएन मांडरे को जिले में शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण करने और समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में सीएमएचओ डॉ. एचएन मांडरे ने बाड़ी में शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से उनके इलाज और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली. इसके बाद उपस्थिति पंजी, दवाओं की उपलब्धता, प्रतिदिन इलाज हेतु आने वाले मरीजों की संख्या आदि की जानकारी लेते हुए डॉक्टर तथा स्वास्थ्य अमले को निर्देश दिए।

# भाजपा का आजीवन सहयोग निधि अभियान शुरू

▸ 28 फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान



**सिलवानी, 12 फरवरी. भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने नियमित संगठनात्मक एवं कार्यालयीन खर्चों की पूर्ति के लिए 11 फरवरी से आजीवन सहयोग निधि अभियान की शुरुआत की गई है. यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा. बुधवार को पूर्व मंत्री रामपाल सिंह के नेतृत्व में भाजपा मंडल एवं जिला पदाधिकारियों ने नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं से संपर्क कर अभियान की जानकारी दी और सहयोग की अपील की. उन्होंने कहा कि यह अभियान संगठन की मजबूती और पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.**

पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने बताया कि इस वर्ष अभियान में दो महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं. पहला, सहयोग निधि केवल डिजिटल माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और किसी प्रकार का कोई प्रश्न न उठे. दूसरा 20 हजार रुपये से अधिक की सहयोग राशि देने वाले व्यक्तियों का पैन नंबर अनिवार्य रूप से लिया जाएगा.

उन्होंने बताया कि भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं द्वारा सहयोग निधि संकलित की जा रही है. एकत्रित की गई राशि जिलों को उनके कार्यालय संचालन एवं संगठनात्मक गतिविधियों के खर्च हेतु प्रदान की जाती है. अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश स्तर से लेकर जिला और मंडल स्तर तक के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं. आमजन एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से संपर्क कर स्वैच्छिक सहयोग का आग्रह किया जा रहा है.इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



# कलश स्थापना और शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

▸ ग्राम तुलसीपुर में 3 नए मंदिरों का उद्घाटन

**सांईखेड़ा, 12 फरवरी . ग्राम तुलसीपुर में 11 फरवरी से 16 फरवरी तक नूतन तीन मंदिरों के भव्य उद्घाटन एवं कलश स्थापना के उपलक्ष्य में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है.**

आयोजन के अंतर्गत 11 उपग्रह मूर्तियों की प्रतिष्ठा भी की जा रही है. कार्यक्रम में शिव महापुराण कथा का वाचन कथा व्यास ब्रह्मचारी महाराज, बापौली धाम के मुखारविंद से किया जा रहा है. कथा के दौरान श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, भक्ति, धर्म और सदाचार का संदेश प्रदान किया जा रहा है. प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं. धार्मिक आयोजन के दौरान पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत भी ग्राम तुलसीपुर पहुंचे. उन्होंने कथा व्यास ब्रह्मचारी महाराज का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. कार्यक्रम के आयोजक पटेल माधव सिंह रघुवंशी, उनके पुत्र पटेल लखन सिंह तुलसी पार द्वार किया जा रहा है.

# लोडिंग ऑटो पेड़ से टकराकर खेत में पलटा

▸ सलामतपुर थाना क्षेत्र की घटना, ड्राइवर घायल

**सलामतपुर, 12 फरवरी. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे क्रमांक 18 पर शाहपुर जोड़ के पास बुधवार रात एक हादसा हो गया. यूरिया खाद से भरा एक लोडिंग ऑटो अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे लगे बबूल के पेड़ से टकराया, इसके बाद सड़क से नीचे उतरकर खेत में पानी से भरी खंती में जा पलटा.**

यूरिया खाद की बोरियां पानी में भीग जाने से खराब हो गईं, वहीं लोडिंग ऑटो भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. दुर्घटना में ऑटो चालक को चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार और सड़क पर संतुलन बिगड़ने के कारण यह हादसा हुआ. सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और चालक को बाहर निकाला.




## 4 लेन बनने पर आएगी हादसों में कमी

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं. वहीं सलामतपुर, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस स्टेट हाइवे को 4 लेन करने की मांग शासन प्रशासन से की है. गौरतलब है कि भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं. जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है. सलामतपुर व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है. क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है. और सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थाने में पुलिस बल कम पड़ जाता है.

**इनका कहना है**

हाइवे 18 को 4 लेन करने से हादसों में कमी आ सकती है. सड़क छोटी होने की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं. स्थानीय रहवासी शासन प्रशासन से हाइवे 18 को शीघ्र 4 लेंन करने की मांग कर रहे हैं.

**कालूरण मीणा,** सरपंच, खोहा.

हाइवे 18 को 4 लेन करने से हादसों में कमी आ सकती है. सड़क की साइडों को भी रिपेयर करना चाहिए. इससे भी दोनों तरह 5-5 फिट जगह मिल सकती है. स्थानीय रहवासी काफी समय से शासन प्रशासन से हाइवे 18 को शीघ्र 4 लेंन करने की मांग कर रहे हैं.

**मूलचंद यादव,** पूर्व सरपंच सलामतपुर



# समर्थ भारत निर्माण के चिंतक थे दीनदयाल उपाध्याय : राजपूत

**सिलवानी, 12 फरवरी. पंडित दीनदयाल उपाध्याय समर्थ भारत निर्माण के चिंतक थे। उन्होंने विश्व में साम्यवाद और समाजवाद की विचारधाराओं के प्रभाव के समय भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल स्वरूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद और अंत्योदय जैसी कल्याणकारी दृष्टि प्रदान की. यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को निरंतरता देने का प्रभावी प्रयास था.**

यह बात पूर्व मंत्री रामपालसिंह राजपूत ने कही। वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर कुशवाहा धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि पं. उपाध्याय के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की प्रेरणा देते हैं. उनके सिद्धांत राष्ट्र निर्माण की दिशा में मार्गदर्शक हैं.

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, भाजपा जिला मंत्री संदीप शर्मा, जय बाबू जैन, सलीम काजी, राजीव समैया, पुनीत समैया, राजेंद्र रघुवंशी, राजू भैया, राजेंद्र सोनी, आनंद सहरिया, सिद्धार्थ समैया, राजेश कुशवाहा, प्रियांश राजपूत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**सफलता** ▸ मसाला उद्योग लगाकर किसान मदन मोहन शर्मा बने आत्मनिर्भर

# उद्यम उन्नयन योजना से बदली किस्मत

**सिलवानी, 12 फरवरी. भारत सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन ( पीएमएफएमई ) योजना युवाओं और ग्रामीण उद्यमियों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के माध्यम से न केवल स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं.**



सिलवानी विकासखंड के ग्राम चिचौली निवासी किसान मदन मोहन शर्मा ने पीएमएफएमई योजना का लाभ लेकर मसाला उद्योग स्थापित किया है. पहले वे एक छोटी किराना दुकान संचालित करते थे, जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 10 से 12 हजार रुपये की आय होती थी. सीमित आय के कारण परिवार का भरण-पोषण कठिनाई से हो पाता था.

योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारी मनोज साहू से संपर्क कर विस्तृत जानकारी ली और मसाला उद्योग स्थापित करने के लिए आवेदन किया. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया से ऋण स्वीकृत होने के बाद उन्होंने आधुनिक मशीनों के साथ अपना उद्योग शुरू किया. उन्हें उद्यानिकी विभाग द्वारा 35 प्रतिशत अनुदान सहायता भी प्रदान की गई.

वर्तमान में वे 'श्री भैया जी मसाले' ब्रांड नाम से धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर सहित अन्य मसालों का उत्पादन कर सिलवानी, गैरतगंज, रायसेन एवं आसपास के जिलों में विक्रय कर रहे हैं. इससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 30 से 35 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है.

आय में वृद्धि से उनके परिवार के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है. मदन मोहन शर्मा ने इस सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को देते हुए आभार व्यक्त किया है. पीएमएफएमई योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की नई संभावनाएं पैदा कर रही है और युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बना रही है.

# पानी गर्म करते समय हीटर के करंट से 5 वर्षीय बच्ची की मौत

**बेगमगंज, 12 फरवरी.** नहाने के लिए बाल्टी में हीटर की रॉड लगाकर पानी गर्म करते समय करंट लगने से पांच साल की बच्ची की मौत हो गई। थाना प्रभारी राजीव उईके ने बताया कि वार्ड क्रमांक 16 निवासी सुरेंद्र जैन की पत्नी घर में एक बाल्टी में हीटर की रॉड लगाकर पानी गर्म कर रही थी. अचानक उनकी 5 वर्षीय पुत्री स्वाति जैन खेलते - खेलते बाल्टी के पास पहुंच गई और उसने हीटर की रॉड पकड़ ली. इस कारण करंट की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई. बच्ची की चीख सुनकर जब उसकी मां दौड़कर पहुंची तो देखा बच्ची रॉड से चिपकी हुई है और तड़प रही है. उन्होंने बिजली का स्विच बंद किया और परिजन उसको लेकर सिविल अस्पताल पहुंच. डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है.

# सद्भावना कप क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

▸ विपिन एचएम एकता भोपाल बनी विजेता

**सिलवानी, 12 फरवरी. ग्राम उचेरा जमुनिया स्थित ग्रीन पार्क कुटीर मैदान पर सद्भावना क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित 11वीं टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सद्भावना कप का बुधवार को समापन हुआ. रोमांचक मुकाबले में विपिन एचएम एकता भोपाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया.**




प्रतियोगिता के अंतिम दिन दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए. पहले सेमीफाइनल में कारतूस इलेवन राहतगढ़ और अरसान विक्रम जनपद संजू इलेवन गैरतगंज के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें अरसान विक्रम जनपद संजू इलेवन गैरतगंज ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया.

दूसरे सेमीफाइनल में एचएम एकता भोपाल और ज्ञान सागर सिलवानी के बीच मैच खेला गया, जिसमें विपिन एचएम एकता भोपाल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई.

फाइनल मुकाबला विपिन एचएम एकता भोपाल और अरसान विक्रम जनपद संजू इलेवन गैरतगंज के बीच खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए विपिन एचएम एकता भोपाल ने निर्धारित 8 ओवर में 89 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरसान विक्रम जनपद संजू इलेवन गैरतगंज की टीम 8 ओवर में 67 रन ही बना सकी. इस प्रकार विपिन एचएम एकता भोपाल ने 22 रनों से जीत दर्ज कर सद्भावना कप पर कब्जा किया. समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 75 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की. उपविजेता टीम अरसान विक्रम जनपद संजू इलेवन गैरतगंज को 35 हजार रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया.इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, भाजपा जिला मंत्री संदीप शर्मा, उपस्थित थे।